"RBSE Official Past Paper | Shared for Educational Purposes Only | Scanned by Schorbit"

अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) : 924

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) : ____________

[कुल प्रश्नों की संख्या : 26] [Total No. of Questions: 26]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 100] [Maximum Marks : 100]

# कक्षा 9वीं वार्षिक परीक्षा, 2025–26

# Class 9th Annual Examination, 2025-26

## हिन्दी / HINDI

## [ 901 ]

***सामान्य अनुदेश*** :
1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंकभार अंकित है।

***General Instructions*** :
1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

### खण्ड – अ

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखें –

देश प्रेम क्या है? प्रेम ही तो है। इस प्रेम का आलम्बन क्या है? सारा देश अर्थात् मनुष्य, पशु, पक्षी, नाले, वन–पर्वत सहित सारी भूमि। यह प्रेम किस प्रकार का है? यह साहचर्य प्रेम है जिसके मध्य हम रहते हैं जिन्हें हम बराबर आँखों से देखते हैं, जिनकी बातें बराबर सुनते हैं जिनका और हमारा हर घड़ी का साथ रहता है, जिनके सान्निध्य का हमें आभास हो जाता है उनके प्रति लोभ या राग हो सकता है। देश–प्रेम यदि वास्तव में अन्तःकरण का कोई भाव है तो यही हो सकता है। देश प्रेम उच्च कोटि का माना गया है।

(i) आलम्बन शब्द में उपसर्ग का सही विकल्प है – (1)
(अ) आलम्ब + न (ब) आ + लम्बन (स) आल + अम्बन (द) अ + अलम्बन

(ii) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए – (1)
(अ) पशु–प्रेम (ब) देश–प्रेम (स) भक्ति–प्रेम (द) वन–प्रेम

(iii) देश प्रेम वास्तव में किस भाव का माना जाता है? (1)
(अ) अन्तःकरण (ब) बाहरी भाव (स) लोभ (द) पशु–पक्षी

(iv) देश सान्निध्य से क्या उत्पन्न होता है? (1)
(अ) लोभ या राग (ब) अन्तःकरण (स) साहचर्य (द) प्रेम

(v) देश–प्रेम का आलम्बन किसे माना गया है? (1)
(अ) मनुष्य, पशु, पक्षी, वन, पर्वत (ब) मनुष्य
(स) पशु (द) वन–पर्वत

(vi) जिसके मध्य हम रहते हैं, कैसा प्रेम है? (1)
(अ) साहचर्य प्रेम (ब) लोभ प्रेम (स) अन्तःकरण (द) राग

(vii) प्रस्तुत पद्यांश के अनुसार देश प्रेम किस प्रकार का माना गया है? (1)
(अ) उच्च कोटि (ब) निम्न कोटि (स) सामान्य (द) निम्न व सामान्य

(viii) सारा देश किसे माना गया है? (1)
(अ) मनुष्य, पशु, पक्षी, नाले, वन–पर्वत सहित सारी भूमि (ब) देश जैसे – भारत, नेपाल इत्यादि
(स) जहाँ मनुष्य रहते हों (द) देश की खाली भूमि

प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

दिवसावसान का समय,
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या–सुन्दरी परी सी
धीरे–धीरे–धीरे।

Schorbit

तिमिरांचल में चंचलता, का नहीं कहीं आभास
मधुर–मधुर हैं दोनों उसके अधर
किन्तु जरा गम्भीर नहीं है उनमें हास–विलास।
हँसता है तो केवल तारा एक
गुंथा हुआ उन घुँघराले काले–काले बालों से
हृदय राज्य की रानी का वह करता है अभिषेक।

(i) प्रस्तुत पद्यांश में किस समय का वर्णन है? (1)
(अ) सुबह (ब) दोपहर (स) संध्या (द) रात्रि

(ii) संध्या–सुन्दरी किसके समान प्रतीत हो रही थी? (1)
(अ) गुड़िया–सी (ब) कामिनी–सी (स) परी–सी (द) नारी–सी

(iii) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए – (1)
(अ) दिवसावसान (ब) संध्या–सुन्दरी (स) चंचलता (द) आसमान

(iv) 'चंचलता' शब्द में प्रत्यय है – (1)
(अ) चंचल (ब) लता (स) ता (द) चं

(v) 'हँसता है केवल तारा एक' तारा कहाँ हँसता है? (1)
(अ) आकाश में (ब) अधर पर
(स) तिमिरांचल में (द) घुँघराले काले–काले बालों से गुंथा हुआ

(vi) संध्या–सुन्दरी कहाँ से उतर रही है? (1)
(अ) तिमिरांचल से (ब) धरती से (स) मेघमय आकाश से (द) पानी से

(vii) दिवसावसान का अर्थ है – (1)
(अ) सूर्यास्त का समय (ब) सूर्योदय का समय
(स) रात्रि का समय (द) दिन का समय

**खण्ड – ब**

प्र.3 दिये गये बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए (6)

(अ) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निवारण
(i) प्रस्तावना (ii) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या (iii) पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव
(iv) पर्यावरण प्रदूषण निवारण के उपाय (v) उपसंहार

(ब) विद्यार्थी जीवन में नैतिक शिक्षा की उपयोगिता –
(i) प्रस्तावना (ii) नैतिक शिक्षा का स्वरूप (iii) नैतिक शिक्षा की उपयोगिता
(iv) नैतिक शिक्षा की आवश्यकता (v) उपसंहार

(स) मोबाइल एक वरदान या अभिशाप
(i) प्रस्तावना (ii) मोबाइल के उपयोग (iii) मोबाइल का शिक्षा में महत्त्व
(iv) मोबाइल के दुष्प्रभाव (v) उपसंहार

(द) विद्यार्थी जीवन : भावी जीवन का आधार
(i) प्रस्तावना (ii) विद्यार्थी जीवन के गुण (iii) भावी जीवन की तैयारी
(iv) भावी जीवन में विद्यार्थी की भूमिका (v) उपसंहार

प्र.4 आपके मित्र ने बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उसे बधाई देते हुए एक संवाद लिखिए। (5)

**अथवा**

स्वयं को अभिषेक मानते हुए अपने मित्र को जन्म–दिवस के उपलक्ष्य में बधाई–पत्र लिखिए।

प्र.5 आपके विद्यालय में आयोजित ''वार्षिकोत्सव'' पर एक प्रतिवेदन लिखो। (4)

**खण्ड – स**

प्र.6 रिक्त स्थान की पूर्ति करो –
(i) नभ, गगन, अम्बर .................. शब्द के पर्यायवाची हैं। (1)
(ii) ''यश'' शब्द का विलोम शब्द .................. होता है। (1)
(iii) 'उल्टी गंगा बहाना' मुहावरे का अर्थ .................. होता है। (1)
(iv) 'लड़की खेल रही है' वाक्य में .................. वचन है। (1)
(v) जिस शब्द से पुरुष या महिला होने का बोध होता है उसे .................. कहते हैं। (1)
(vi) जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट होती है .................. शब्द कहलाते हैं। (1)
(vii) 'पुराण' में 'इक' प्रत्यय लगने पर .................. शब्द बनता है। (1)
(viii) 'अंजली ने रोटी खाई' वाक्य में .................. कारक है। (1)

Schorbit

प्र.7 श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द का अर्थ लिखिए। (1)
(i) अनल (ii) अनिल

प्र.8 परसर्ग 'ने' का प्रयोग कर एक वाक्य निर्माण कीजिए। (1)

प्र.9 वाक्य के कितने अंग होते हैं? नाम लिखिए। (1)

प्र.10 "श्री गणेश करना" मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग करो। (2)

प्र.11 संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं? कोई एक संयुक्त वाक्य का निर्माण करो। (2)

## खण्ड – द

प्र.12 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखें –

सामंती संस्कृति के तत्व भारत में पहले भी रहे हैं। उपभोक्तावाद इस संस्कृति से जुड़ा रहा है। आज सामंत बदल गए हैं, सामंती संस्कृति का मुहावरा बदल गया है।

हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें; परम्पराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है। कड़वा सच तो यह है कि हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं, पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं। हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है। हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं। प्रतिष्ठा की अंधी प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। संस्कृति की नियन्त्रक शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं। हमारा समाज ही अन्य–निर्देशित होता जा रहा है। विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी।

(i) सामंती संस्कृति के कौनसे तत्व भारत में पहले भी रहे हैं? (1)
(ii) परम्पराओं का अवमूल्यन और आस्थाओं का क्षरण किसके कारण हुआ है? (1)
(iii) उपभोक्तावाद की संस्कृति का पालन करते हुए हम किसकी दासता स्वीकार कर रहे हैं? (1)
(iv) हमारी नई संस्कृति कैसी संस्कृति है? (1)
(v) संस्कृति की नियन्त्रक शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम कैसे हो रहे हैं? (1)
(vi) हमारी मानसिकता कौन बदल रहा है? (1)

**अथवा**

दोनों ने अपनी मूक–भाषा में सलाह की, एक–दूसरे को कनखियों से देखा और लेट गए। जब गाँव में सोता पड़ गया, तो दोनों ने जोर मारकर पगहे तुड़ा डाले और घर की तरफ चले। पगहे बहुत मजबूत थे। अनुमान न हो सकता था कि कोई बैल उन्हें तोड़ सकेगा; पर इन दोनों में इस समय दूनी शक्ति आ गई थी। एक–एक झटके में रस्सियाँ टूट गईं।

झूरी प्रातःकाल सोकर उठा, तो देखा कि दोनों बैल चरनी पर खड़े हैं। दोनों की गरदनों में आधा–आधा गराँव लटक रहा है। घुटने तक पाँव कीचड़ से भरे हैं और दोनों की आँखों में विद्रोहमय स्नेह झलक रहा है।

झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गदगद् हो गया। दौड़कर उन्हें गले लगा लिया। प्रेमालिंगन और चुम्बन का वह दृश्य बड़ा ही मनोहर था।

(i) दोनों बैलों ने अपनी मूक भाषा में क्या किया? (1)
(ii) गाँव में सोता पड़ने पर बैलों ने क्या किया? (1)
(iii) झूरी ने प्रातःकाल उठकर क्या देखा? (1)
(iv) दोनों बैलों की आँखों में कैसा स्नेह झलक रहा था? (1)
(v) बैलों को दौड़कर किसने गले लगा लिया? (1)
(vi) कौनसा दृश्य बड़ा ही मनोहर था? (1)

प्र.13 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की,
'बरस बाद सुधि लीन्हीं'
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।
मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।

(i) पद्यांश के अनुसार बड़े बन–ठन के सँवर के कौन आया? (1)
(ii) बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर किसकी जुहार की? (1)
(iii) इस पद्यांश में "जुहार" शब्द का क्या अर्थ है? (1)
(iv) पानी परात भरकर कौन लाया? (1)
(v) 'बरस बाद सुधि लीन्हीं' –
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,
पंक्तियों का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए। (1)
(vi) प्रस्तुत पद्यांश में अकुलाई नायिका किसे बताया गया? (1)

Schorbit

**अथवा**

हिन्दू मूआ राम कहि, मुसलमान खुदाइ।
कहै कबीर सो जीवता, जो दुहुँ के निकटि न जाई।। (1)
काबा फिरी कासी भया, रामहिं भया रहीम।
मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम।। (2)
ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होई।
सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोई।। (3)

(i) कबीर के अनुसार कौन व्यक्ति जीवित रहता है? (1)
(ii) कबीर के अनुसार धार्मिक भेदभाव को त्यागने पर काबा और काशी, राम और रहीम क्या हो जाते हैं? (1)
(iii) "मोट चून मैदा भया" का क्या अर्थ है? लिखिए। (1)
(iv) ऊँचे कुल और अच्छे कर्मों में से किसका महत्त्व अधिक है? (1)
(v) 'सुबरन कलस' का आशय क्या है? (1)
(vi) साधु किसकी निंदा करते हैं? (1)

**अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा 20 शब्द)**

प्र.14 निम्न प्रश्नों के उत्तर 10–20 शब्दों में लिखिए –
(i) 'ल्हासा की ओर' यात्रा–वृत्तांत किस देश की यात्रा से लिया गया है? (1)
(ii) किसने अपनी आत्मकथा का नाम 'फॉल ऑफ ए स्पैरो' (Fall of a Sparrow) रखा था? नाम लिखिए। (1)
(iii) 'प्रेमचंद के फटे जूते' शीर्षक निबंध में परसाई जी ने किसके व्यक्तित्व की सादगी का वर्णन किया है? (1)
(iv) 'ग्राम श्री' कविता में किस मौसम के सौंदर्य का वर्णन है? (1)
(v) 'कैदी और कोकिला' कविता किसने लिखी? नाम लिखिए। (1)
(vi) 'रसखान' अध्याय के अनुसार गोपियाँ किसे अपनी सौतन समझती थी? लिखिए। (1)
(vii) 'इस जल प्रलय में' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं? (1)
(viii) 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर 'परदानशीं' शब्द से क्या तात्पर्य है? (1)
(ix) 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के अनुसार लड़के वाले देखने आने पर उमा सितार पर कौनसा गीत गाती है? (1)

**लघु उत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा 40 शब्द)**

प्र.15 लेखक को भिखमंगे का वेश बनाकर यात्रा क्यों करनी पड़ी थी? (2)
प्र.16 उपभोक्ता संस्कृति से सबसे बड़ा खतरा क्या है? लिखिए। (2)
प्र.17 लेखिका के जन्म पर उनकी खातिर क्यों की गई? 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)
प्र.18 'खा–खाकर कुछ पाएगा नहीं' पद में ललद्यद ने क्या संदेश दिया? (2)
प्र.19 कोयल अर्द्धरात्रि को क्यों चीख उठती है? 'कवि और कोकिला' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)
प्र.20 लेखक बाढ़ के पानी से घिरे द्वीप पर क्यों नहीं गया? (2)
प्र.21 लेखिका की परदादी ने क्या व्रत ले रखा था और क्यों? 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा [illegible] शब्द)**

प्र.22 लेखक ने उपभोक्ता संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है? (3)

**अथवा**

सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं? 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' पाठ के आधार पर लिखिए।

प्र.23 शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की – समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है? 'रीढ़ की हड्डी' पाठ को ध्यान में रखते हुए तर्क सहित उत्तर लिखिए। (3)

**अथवा**

लेखिका की नानी की आजादी के आन्दोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही? "मेरे संग की औरतें" पाठ के आधार पर लिखिए।

प्र.24 प्रेमचंद या माखनलाल चतुर्वेदी में से किसी एक का परिचय लिखिए। (4)

**निबन्धात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 100 शब्द)**

प्र.25 किसान जीवन वाले समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंधों को कहानी में किस तरह व्यक्त किया गया है? लिखिए। (5)

**अथवा**

रसखान के सवैयों में जिस प्रकार ब्रजभूमि के प्रति प्रेम अभिव्यक्त हुआ है, उसी तरह आप अपनी मातृभूमि के प्रति अपने मनोभावों को अभिव्यक्त कर लिखिए।

प्र.26 अपने फ्लैट की छत से लेखक ने बाढ़ का जो दृश्य देखा उसका वर्णन कीजिए। (5)

**अथवा**

'रीढ़ की हड्डी' पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

-----------------------------------------------



Schorbit